दिन– शुक्रवार दिनांक– 19 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. संसद के मानसून सत्र में सरकार आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी।

02. पटना में आयोजित वस्त्र निवेशक सम्मेलन के तहत आज तकनीक और नवाचारों पर होगा विमर्श। नब्बे से अधिक उद्यमी हो रहे हैं शामिल।

03. कोसी, गंडक, कमला बलान और महानंदा समेत राज्य की अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। सुपौल सहित कई जिलों में जलस्तर में कमी आने के बाद कटाव की स्थिति गंभीर।

04. और, वायुमंडल में आर्द्रता की मात्रा बढ़ने से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान। मानसून के तेईस जुलाई से एक बार फिर सक्रिय होने की संभावना।

---

केन्द्र सरकार अगले सप्ताह से शुरू हो रहे मानसून सत्र में आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी। लोकसभा सचिवालय द्वारा जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गयी। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

केन्द्र सरकार ने वित्त विधेयक के अलावा नागरिक उड्डयन क्षेत्र में व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से उन्नीस सौ चौंतीस के विमान अधिनियम को बदलने के लिए भारतीय वायुयान विधेयक दो हजार चौबीस को भी सूचीबद्ध किया है। लोकसभा सचिवालय द्वारा कल शाम जारी संसद बुलेटिन में विधेयकों की सूची प्रकाशित की गई है। संसद का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा जो 12 अगस्त तक चलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) का गठन किया है जो संसदीय एजेंडा तय करती है। इस समिति के अध्यक्ष स्वयं श्री बिड़ला होंगे। समाचार कक्ष से फरहत नाज।

---

पटना में आयोजित वस्त्र निवेशक सम्मेलन के तहत आज वस्त्र उद्योग में तकनीक और नवाचारों पर विमर्श किया जाएगा। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्र ने बताया कि केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह सम्मेलन का आज औपचारिक उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे। श्री मिश्र ने बताया कि इस सम्मेलन का आयोजन कपड़ा मंत्रालय और एपरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के सहयोग से किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उद्देश्य बिहार में कपड़ा

क्षेत्र में नई संभावनाओं का पता लगाना और निवेश को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में कई नामचीन कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

———बाईट———

श्री मिश्र ने बताया कि वस्त्र उद्योग से जुड़े उद्यमियों और निवेशकों ने कल मुजफ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

---

देश में मादक पदार्थो की तस्करी की शिकायत के लिए मानस हेल्पलाइन— एक नौ तीन तीन की शुरूआत की गयी है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कल एक कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन की शुरूआत की है। मादक पदार्थ निषेध आसूचना केंद्र हेल्पलाइन के माध्यम से, नागरिक मादक पदार्थों की तस्करी की जानकारी साझा करने के साथ ही नशामुक्ति और पुनर्वास पर सलाह लेने के लिए चौबीस घंटे नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से जुड़ सकते हैं। इस अवसर पर गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थो के सेवन के खिलाफ लड़ाई को गंभीरता से और प्राथमिकता के आधार पर लिया जाना चाहिए।

———बाईट———

ड्रग की लड़ाई बहुत महत्वपूर्ण लड़ाई है और हम सबने इसके साथ गंभीरता के साथ भी लड़ना है और प्राथमिकता के साथ भी लड़ना है। बहुत बड़ा संकल्प, नशा मुक्त भारत का प्रधानमंत्री जी का संकल्प, ये बहुत बड़ा संकल्प है, चौलेंज भी है और लक्ष्य भी है, मगर साथ में सबसे बड़ा मौका भी है।

---

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विंड स्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाने वाले वाहनों से दोगुना टोल वसूल करेगा। प्राधिकरण ने कहा कि जानबूझकर विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे लोगों को असुविधा होती है।

---

खेतों में कीटनाशक और खाद के छिड़काव के लिए ड्रोन खरीदने पर राज्य सरकार किसानों को साठ प्रतिशत अनुदान देगी। इसके लिए अधिकतम तीन लाख पैंसठ हजार रूपये की राशि तय की गयी है। कृषि विभाग की ओर से पहले चरण में

राज्य के सभी एक सौ एक अनुमंडल में एक–एक चयनित लाभार्थी को अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए चार करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

---

आयुष्मान भारत योजना से वंचित लाभुकों को मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से जोड़ने के लिए प्रदेश में विशेष अभियान की शुरूआत की गयी है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि यह अभियान इकतीस जुलाई तक चलेगा। इसके अंतर्गत जन–वितरण प्रणाली की दुकानों के माध्यम से एक करोड़ स्वास्थ्य कार्ड बनाने का लक्ष्य है।

---

नीट–यूजी प्रश्न पत्र लीक मामले में पटना एम्स से गिरफ्तार चार छात्रों को सीबीआई ने चार दिन की रिमांड पर लिया है। इन सभी को पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां जांच एजेंसी ने सभी की चार दिनों की रिमांड मांगी थी। इधर, पेपर लीक मामले में सीबीआई ने रिम्स रांची से एक छात्रा को हिरासत में लिया है।

---

ऑनलाइन गेमिंग ऐप के जरिये ठगी करने के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने पटना के बोरिंग रोड स्थित एक और नालंदा के बिहार शरीफ में चार ठिकानों पर छापेमारी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जांच एजेंसी ने कई कागजात, बैंक पासबुक, मोबाईल और लैपटॉप समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किये हैं।

---

पूर्वी चंपारण जिले के ढाका थाना क्षेत्र के लहन ढाका गांव में शौचालय की टंकी की शटरिंग खोलने गये चार मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गयी। इधर, टंकी से निकाले गये मजदूरों को स्थानीय लोग ढाका अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की कमी देख लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल में तोड़–फोड़ की और एक एम्बुलेंस को आग के हवाले कर दिया। हंगामे में दो पुलिस कर्मी भी घायल हो गये। पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि उपद्रवियों की पहचान कर उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा, परमान और अधवारा समूह की नदियां उफान पर हैं। कई स्थानों पर नदियों के जलस्तर में कमी आने के साथ ही कटाव शुरू हो गया है। हमारे सुपौल संवाददाता ने बताया कि कोसी नदी के जलस्तर में कमी होने के बाद कटाव की स्थिति गंभीर होती जा रही है।

———बाईट———

कोसी का जलस्तर घटने के बाद हो रहे कटाव से सदर प्रखंड की बैरिया पंचायत स्थित वार्ड नम्बर नौ में स्थापित एक मंदिर कोसी के गर्भ में समा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि तेज कटाव के कारण अब तक पंद्रह से अधिक घर कोसी में समा चुके हैं। लोगों ने स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी दी है। वाबजूद इसके अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। इधर, किशनपुर, मरौना, सरायगढ़–भपटियाही और निर्मली प्रखंड के निचले इलाकों में अभी भी बाढ़ का पानी बना हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए सुपौल से रविशंकर चौधरी।

पूर्णियां के बाढ़ प्रभावित इलाकों में नदियों के जलस्तर में कमी देखी जा रही है। एक रिपोर्ट–

———बाईट———

जिले के बाढ़ प्रभावित इलाके बायसी अनुमंडल में बाढ़ का पानी निचले इलाकों में घटने लगा है। महानंदा, कंकई, प्रमाण और बकरा नदियां अब खतरे के निशान से नीचे आ चुकी है। लेकिन जलधारा में परिवर्तन के कारण तटवर्ती इलाकों में अधिक कटाव हो रहा है। हालांकि प्रशासन की ओर से इस पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कटाव वाले क्षेत्रों में फ्लड फाइटिंग का कार्य जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

इधर, किशनगंज के बहादुरगंज प्रखंड के टंगटंगी हाट के पास रतुआ नदी से जुड़ी धार पर बनी एक पुलिया पानी के तेज बहाव से क्षतिग्रस्त हो गयी है। अररिया से हमारे संवाददाता ने खबर दी है कि कटाव के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। इधर, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, शिवहर, अररिया और सहरसा जिले में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार आया है।

---

प्रदेश में तेईस जुलाई से एक बार फिर मॉनसून सक्रिय होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अभी वायुमंडल में आर्द्रता की मात्रा साठ से सत्तर प्रतिशत तक पहुंच गयी है। इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

———बाईट———

इधर, कल पश्चिम चंपारण और जहानाबाद के अलग–अलग विद्यालयों में उमस भरी गर्मी से बत्तीस बच्चे बेहोश हो गये।

---

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा शिक्षक नियुक्ति के तीसरे चरण की परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा दोपहर बारह बजे से शुरू होगी। परीक्षा का आयोजन बाईस जुलाई तक होगा। आयोग ने कदाचार मुक्त परीक्षा के आयोजन के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर समय से एक घंटे पहले पहुंचने का निर्देश दिया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले पंद्रह मार्च को आयोजित परीक्षा प्रश्न पत्र लीक होने के चलते रद्द कर दी गयी थी।

---

रोहतास जिले के डुमरांव शाखा नहर के पास अपराधियों ने दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

---

पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज में एक धार्मिक जुलूस के दौरान दूसरे राष्ट्र का झंडा फहराने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव के पास अपराधियों ने एक व्यापारी से चार लाख तीस हजार रूपये लूट लिये। पुलिस ने बताया कि तीन मोटरसाईकिल पर सवार नौ अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

---

मधुबनी जिले के हरलाखी बेनीपट्टी मुख्य मार्ग पर तिसीयाही पुल के बैरियर से टकराने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट पेपर लीक और डिब्रूगढ एक्सप्रेस के बेपटरी होने की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने नीट–यूजी पेपर लीक मामले पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता देते हुए लिखा है – पटना–हजारीबाग तक सीमित था पेपर लीक। शहर और केन्द्रवार जारी करे नीट का नतीजा।

**दैनिक भास्कर** ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– सब के नम्बर कल ऑनलाइन, कहां से कितने पास पता चलेगा।

**दैनिक जागरण** लिखता है– चंडीगढ़–डिब्रूगढ ट्रेन पलटी, तीन मरे।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – फ्लैट का कब्जा देने तक इएमआई के लिए दवाब नहीं डाल सकते बैंक और बिल्डर।

**आज** अखबार लिखता है – फिर झूमा शेयर बाजार, सेंसेक्स इक्यासी हजार के पार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद के मानसून सत्र में सरकार आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन सहित छह नए विधेयक पेश करेगी।

02. पटना में आयोजित वस्त्र निवेशक सम्मेलन के तहत आज तकनीक और नवाचारों पर होगा विमर्श। नब्बे से अधिक उद्यमी हो रहे हैं शामिल।

03. कोसी, गंडक, कमला बलान और महानंदा समेत राज्य की अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। सुपौल सहित कई जिलों में जलस्तर में कमी आने के बाद कटाव की स्थिति गंभीर।

04. और, वायुमंडल में आर्द्रता की मात्रा बढ़ने से लोग उमस भरी गर्मी से परेशान। मानसून के तेईस जुलाई से एक बार फिर सक्रिय होने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।